# ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ

ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು–560003.

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD**

Malleshwaram, Bengaluru – 560003.

**2020-21 ಸಾಲಿನ ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆ ಪತ್ರಿಕೆ - 1**

**2020-21 MODEL QUESTION PAPER - 1**

| | |
|---|---|
| **ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ – ಹಿಂದಿ** | **ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 06-H** |
| **Subject : FIRST LANGUAGE HINDI** | **Subject Code : 06-H** |
| **ಅವಧಿ : 3 ಗಂಟೆ 15 ನಿಮಿಷ** | **ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100** |
| **Time : 3 hrs. 15 minutes** | **Max. Marks : 100** |

**ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿಗಳಿಗೆ**

**Regular Fresh**

---

## परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :

1) इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर– वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 45 प्रश्न है।

2) यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है। परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दायें भाग को काटकर खोलें तथा जांच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं।

3) सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।

4) प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।

5) प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है।

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए।** **6 x 1 = 6**

1. 'गायक' शब्द का विलोम रूप है।
   A. गायन
   B. गायिका
   C. गाना
   D. गीत

2. निम्नलिखित शब्दों में से 'बहुवचन' शब्द है।
   A. सपना
   B. योजना
   C. नमूना
   D. खबरें

3. 'जय' शब्द का विलोम रूप है।
   A. अजय
   B. जीत
   C. पराजय
   D. विजय

4. निम्नलिखित शब्दों में 'प्रेरणार्थक क्रिया रूप' है।
   A. सुनाना
   B. लिखना
   C. पढ़ना
   D. चढ़ना

5. 'रास्ता' शब्द का पर्यायवाची शब्द है।
   A. मत
   B. गत
   C. पथ
   D. छत

6. 'नौ-दो-ग्यारह होना' मुहावरे का अर्थ है।

   A. चलकर आना

   B. भाग जाना

   C. काम तमाम करना

   D. आश्चर्य चकित होना।

**II. प्रथम दो शब्दों में सूचित संबंध के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए.** 4 x 1 = 4

7. स्वागत : यणसंधि : : महत्वाकांक्षा : ..................

8. त्रिपुंड : द्विगु समास : : भाई-बहन : ..................

9. जो अभिनय करती है : अभिनेत्री : : जो विदेश में रहता है : ..................

10. लड़का खेल रहा है : वर्तमान काल : : मैंने खाना खाया : : ..................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए।** 7 x 1 = 7

11. बात-बात पर हँसना किसका स्वभाव है?

12. मन्नू भंडारी जी बचपन में कैसी थीं?

13. कौओं के बारे में रवीन्द्रजी ने क्या कहा था?

14. रूसी युवतियाँ कैसी दिखाई दे रही थीं?

15. हम नव निर्माण किस भाव से करें?

16. कबीरदासजी के अनुसार साधु को कैसे होना चाहिए?

17. जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग कौन-सा है?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए ।** 10 x 2 = 20

18. सिपाही ने सपने में अपने बेटे से क्या-क्या प्रश्न पूछा?

19. रवीन्द्रजी ने श्रीनिकेतन में रहने का निर्णय क्यों लिया था?

20. अपने पुरुषार्थ पर भरोसा रखने वाले लोग क्या-क्या कर सकते हैं?

21. ट्रेन में बोरिस का व्यवहार कैसा था?

22. 'आओ,नव निर्माण करें' कविता के अनुसार मानव किन-किन का शिकार बना है?

23. हेलन केलर प्रकृति की सुन्दरता को कैसे पहचान लेती थी?

24. 'कन्नड़ क्लब' के बारे में लिखिए?

25. परिश्रम करने वाले क्या-क्या कर सकते हैं?

26. हमारा देश स्वर्ग के लिए ईर्ष्या-स्थान कैसे बना है?

27. ''जिन लोगों के पास आँखें हैं, वे सचमुच बहुत कम देखते हैं।'' हेलन केलर को ऐसा क्यों लगता था?

**V. निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए।** **2 x 3 = 6**

28. डॉ. इकबाल

29. मन्नू भंडारी

**VI. छन्द पहचानकर लक्षण बताइए।** **1 x 3 = 3**

30. जप माला छापै तिलक, सरै न एकौ कामु।

**VII. अलंकार पहचान कर लक्षण बताइए।** **1 x 3 = 3**

31. मन कांचै नाचै वृथा, सांचै रांचै राम।

**VIII. निम्नलिखित वाक्यों का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए ।** **4 x 3 = 12**

32. ''प्रकृति मेरी वशवर्तिनी है। मैं उसे बनाता हूं, बिगाड़ता हूँ - मोड़ता हूँ।''

33. ''तुम्हारी बात ठीक है। मैंने गौओं की सेवा के लिए गो-सेवक संघ की स्थापना की है।''

34. ''अरे आज तो इकतीस है, आज तो ले लो।''

35. ''इतने तुम धनी हो, तो मुझे थोड़ा प्यार दोगे उधार जिसे मैं सौगुने सूद के साथ लौटाऊँगा।''

**IX. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पांच वाक्यों में लिखिए ।** **3 x 3 = 9**

36. वेंकटराव के जीवन में नया मोड़ कैसे आया?

37. सिपाही की आँखों से आँसू क्यों आ गए?

38. कवि बिहारी जी के अनुसार भ्रमर गुलाब के मूल में ही रुक जाता है। क्यों?

**X. निम्नलिखित पद्यांश की पूर्ति कीजिए ।** **1 x 4 = 4**

39. पैदा कर जिस ..................................................

.....................................................................

.....................................................................

..............................................स्वजीवन सारा।

अथवा

जग में सुख ......................................................

.....................................................................

.....................................................................

............................................ को गले लगाना।

**XI. निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए।** **1 x 4 = 4**

40. अज्ञानियों से स्नेह करना
मानो पत्थर से चिनगारी निकालना है।
ज्ञानियों का संग करना,
मानो दही मथकर माखन पाना है।
हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,
तुम्हारे भक्तों का संग करना।
मानो कर्पूरगिरि की ज्योति को पाना है।

अथवा

भूख लगी तो गाँव में भिक्षान्न है,
प्यास लगी तो तालाब - कुएँ हैं।
शीत से बचने जीर्ण वस्त्र हैं,
सोने के लिए उजड़े मंदिर हैं।
हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,
मेरा आत्म-सखा तू ही है।

**XII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर आठ - दस वाक्यों में लिखिए।** **2 x 4 = 8**

41. गाँधीजी ने चम्पारन की समस्या का समाधान कैसे किया?

अथवा

गांधीजी किन अपमानों के बाद उद्विग्न रहने लगे? स्पष्ट कीजिए।

42. लेखक की राय में 'सच्चा धर्म' क्या है?

अथवा

पुरुषोत्तम के व्यक्तित्व का परिचय दीजिए।

**XIII. गद्यांश पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **2 x 2 = 4**

43. व्यक्तियों का मिला जुला रूप ही समाज है। स्वस्थ और शांतिपूर्ण समाज के लिए व्यक्ति-व्यक्ति के बीच में अंतर नहीं होना चाहिए। लेकिन आज समाज में हर कहीं अशांति, दूरी की भावना देखने में आ रही है। वह ऐसे समाज में मनुष्य के रूप में पुन: पैदा होना नहीं चाहता। लेखक सुंदर वातावरण में सबके साथ जीने की कामना करता है कि ऐसे वातावरण में जहाँ एक आदमी, दूसरे की मदद करता हो और परस्पर सहयोग से, मेल से जीवन को आलोकित करता हो।

a. लेखक कैसे वातावरण में जीने की कामना करता है?

b. अनुच्छेद में समाज का कैसा चित्रण है?

**XIV. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए।** **1 x 5 = 5**

44. अपने विद्यालय में मनाए गए शिक्षक दिवस के बारे में बताते हुए अपनी बहन के नाम पत्र लिखिए।

अथवा

बड़ी बहन की शादी में भाग लेने का कारण देते हुए तीन दिन की छुट्टी के लिए प्रधानाध्यापक के नाम छुट्टी के लिए आवेदन पत्र लिखिए।

**XV. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर बारह-पन्द्रह वाक्यों में निबंध लिखिए।** **1 x 5 = 5**

45. 1) पर्यावरण की रक्षा

2) हमारे राष्ट्रीय पर्व।